हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 सितंबर 2025

06 इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन शापिंग के नाम पर धोखाधड़ी...



07 जनपदवासियों ने परम्पराओं व संस्कृति को त्याग...





## खबर संक्षेप

### सीहोर में रोजगार मेला 9 सितंबर को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 सितंबर को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 11 बजे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किए जाएंगे। मेले में शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेन्टिसशिप के लिए युवाओं का चयन भी किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### पिछले 24 घंटे में 2.3 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 2.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 4, आष्टा में 0, जावर में 9, इछावर में 0, भैरूंदा में 4, बुधनी में 0, रेहटी में 3.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 7 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 934.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 962.5 मिलीमीटर थी।

## अखाड़ों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब, मंच लगाकर संगठनों ने किया स्वागत

# अनंत चतुर्दशी: झिलमिल रोशनी के साथ रात भर निकला झांकियों का कारवां

चल समारोह सीहोर की वार्षिक परंपरा है। स्थानीय निवासी पूरे साल इस आयोजन की प्रतीक्षा करते हैं। इस साल भी हजारों लोगों ने रात भर चले इस समारोह का आनंद लिया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गणपति बप्पा अगले बरस तू जल्दी की कामना से गणेश भक्तों ने गणेश विसर्जन के लिए अनंत चतुर्दशी पर आकर्षक झांकियों का कारवां निकाला। शनिवार को शाम ढलने के साथ बैंडबाजों के साथ सामूहिक शोभायात्रा में युवा डांडिया और अखाड़ों में हैरतअंगेज प्रदर्शन करते चल रहे थे।

शहर के मुख्य मार्गो से होते रात 11 बजे झांकियों का कारवां शुरू हुआ। झांकियां अखाड़ों और बैंड के साथ तीन जगह से शुरू हुईं। एक कारवां गंज की तरफ से आया। इसके आगे अखाड़ा और पीछे झिलमिलाती झांकियां। दूसरा मुर्दी मुहल्ले की तरफ से आया।

तीसरा भोपाल नाके की ओर से। तीनों कारवां आकर देर रात कोतवाली चौराहा पर मिले। यहां से झिलमिलाती झांकियां एक लाइन में चल पड़ी। जो पान चौराहा, बड़ा बाजार होते हुए लीसा टॉकी चौराहा पहुंची। सारी रात शहरवासी झांकियां निहारते रहे। आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोग झांकियां देखने पहुंचे। शहर में झांकियों के मार्ग पर पूरी रात मेले जैसा माहौल रहा।



### कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

चल समारोह सीहोर की वार्षिक परंपरा है। स्थानीय निवासी पूरे साल इस आयोजन की प्रतीक्षा करते हैं। इस वर्ष भी हजारों लोगों ने रात भर चले इस समारोह का आनंद लिया। अखाड़ों के कलाकारों ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### आकर्षण का केंद्र रहीं मनमोहक झांकियां

अनंत चतुर्दशी पर कोतवाली से अखाड़ों के साथ झांकियां निकली। झांकियां देखने नगर के लोगों की भीड़ जुटी। रात 11 बजे से झांकियों का चल समारोह शुरू हुआ। अखाड़े के पहलवान तलवार बाजी के साथ करतब दिखा रहे थे। वहीं कलाकारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। झांकियों में सीता हरण, कंस के दरबार में श्रीकृष्ण-पहलवानों का मल्लयुद्ध और अन्य प्रसंग की झांकी थी। डीजे के साथ झांकियों का चल समारोह मुख्य मार्गों से गुजरा। देर रात तक लोग झांकियों देखने जमे रहे।

### रोशनी से नहाए प्रमुख बाजार

शहर के हृदय स्थल बड़ा बजार, लीसा टाकीज चौराहा, विजय टॉकीज चौराहा, कोतवाली चौराहा, पान चौराहा, नमक चौराहा सहित प्रमुख मार्ग आकर्षक रोशनी से जगमगा उठे।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा पुलिस बल

अनंत चतुर्दशी पर कानून व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात था। झांकियों के साथ-साथ जवानों की उपस्थिति रही। शहर के प्रमुख 15 पाइंटों पर जवान तैनात थे।

## अनंत चतुर्दशी की झांकियां नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया पुरस्कृत



**सीहोर।** अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर परंपरागत रूप से निकलने वाली झांकियों का कारवां देर रात से सड़कों पर निकलना शुरू हुआ जो सुबह तक निकलती रही। रात्रि को बारिश की बौछारों के मध्य अखाड़ों के साथ निकल रही इन झांकियों को देखने के लिए दूर-दूर से लोग शहर के मेन रोड पर पहुंचे। जहां लोग अपनी व्यवस्थाओं के साथ सड़क किनारे झांकियों को निहारने के लिए परिवार के साथ खड़े नजर आए। शहर के लीसा टाकीज चौराहे पर हर साल की तरह इस साल भी नगर पालिका के द्वारा भव्य मंच बनाकर प्रत्येक झांकी और अखाड़ों को प्रोत्साहन राशि के अलावा शील्ड देकर सम्मान किया। इस मौके पर प्रथम स्थान आदर्श बाल मंडल पुराना बस स्टैंड की झांकी ने प्राप्त किया। झांकी के कलाकारों ने नौ देवियों की सुंदर झांकी बनाई थी, इसके अलावा दूसरे स्थान पर श्रीराम भक्त हनुमान मंडल की कृष्ण लीला और तीसरे स्थान पर राजू भदौरिया के द्वारा भगवान खाटू श्याम की झांकी ने स्थान प्राप्त किया अलावा अन्य झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र री।

अनंत चतुर्दशी पर यह नजारा देख हर कोई खुश नजर आ रहा था। नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल के कारण इस साल भी एक दर्जन अखाड़ों के कलाकारों ने अपने करतब दिखाए। वहीं अनेक झिलमिलाती झांकियों से सीहोर की वर्षों पुरानी परंपरा जीवंत हो उठी। क्षेत्र के लोगों ने चल समारोह में रात भर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने अखाड़े और झांकियों के प्रदर्शन को देखा सुबह सात बजे तक झांकी लीसा टाकीज चौराहे पर पहुंची।

शहर के लीसा टॉकिज पर नगर पालिका द्वारा भव्य मंच बनाया गया था। जहां पर नगर पालिका के अध्यक्ष राठौर सहित सभी पार्षदों और क्षेत्रवासियों ने झांकियों के साथ चल रहे अखाड़ों के उस्तादों को मंच पर बुलाकर सम्मान के साथ आर्थिक रूप से पुरस्कृत किया। अध्यक्ष ने पुरस्कार के रूप में झांकियों का निर्माण करने वाले और अखाडों को नगद राशि प्रदान की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की घोषणा और उत्साहवर्धन का नतीजा था कि लगातार चौथी बार शहर में अनंत चतुर्दशी का माहौल था। इस मौके पर नपाध्यक्ष राठौर ने सभी अखाड़ों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की थी।

## मानवता का सबसे बड़ा रूप है, दूसरों का सहारा बनना: कथा वाचक प्रदीप मिश्रा

**सीहोर।** दूसरों के दुखों को समझना और उनके प्रति दया का भाव रखना ही मानवता का मूल है। निःस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करना और उनके दुख-दर्द को कम करने के लिए कार्य करना। मानवता अपने आप में एक ऐसा धर्म है जो लोगों को बेहतर बनने, नैतिकता और प्रेम का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित करता है। भगवान पर विश्वास करने वाला कभी निर्धन नहीं हो सकता है, सबसे बड़ा धन हमारा संतोष और संतुष्टि है। जिसके बल पर हम किसी भी परस्थितियों में अपना जीवन बसर कर सकते है। उक्त विचार शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में लगातार 26 सालों से अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय शिवमय भागवत कथा के विराम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। रविवार को सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कथा सुबह आठ बजे से 11 बजे तक जारी रही, इसके पश्चात कथा का श्रवण करने वालों को विठलेश सेवा समिति की नगर इकाई के द्वारा भोजन-प्रसादी का वितरण किया गया।

उन्होंने कहाकि भगवान का भजन करने वाला, जाप करने वाला कभी निर्धन नहीं हो सकता, सुदामा तो भगवान के मित्र थे, यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ। संतोष सबसे बड़ा धन है। सुदामा की मित्रता भगवान के साथ निस्वार्थ थी। उन्होंने कभी उनसे सुख, साधन या आर्थिक लाभ प्राप्त करने की कामना नहीं की, लेकिन सुदामा की पत्नी द्वारा पोटली में भेजे गए चावलों में भगवान श्रीकृष्ण से सारी हकीकत कह दी और प्रभु ने बिन मांगे ही सुदामा को सब कुछ प्रदान कर दिया।



भगवान पर विश्वास और भरोसा मजबूत होना चाहिए। जिस प्रकार माता रुकमणी को अपने कृष्ण पर विश्वास था कि वह आएंगे और उनके मित्र सुदामा को आस्था थी कि मैं भगवान का ध्यान और मनन करता रहूंगा तो मेरे परिवार को वैभव प्राप्त होगा। ईश्वर पर आस्था रखना चाहिए जो भी भक्त ईश्वर पर आस्था और विश्वास करता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। निर्धन होने के पश्चात भी भगवान कृष्ण से मिलने से पहले वह भगवान को एक मुट्ठी चावल देने गया था, लेकिन भगवान ने उसकी सभी मनोकामनाएं बिना मांग के पूरी कर दी।

**अग्रवाल महिला मंडल ने किया आभार व्यक्त :** भागवत कथा के विराम दिवस के मौके पर अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष रुकमणी रोहिला ने लगातार 26 सालों से जारी कथा में सहयोग करने वाले सभी का आभार व्यक्त किया।

## दिगंबर जैन समाज द्वारा निकाला गया चल समारोह

**नलखेड़ा।** स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा दस लक्षण महापर्व के सानंद संपन्न होने पर नगर में चल समारोह निकाला गया। क्षमावाणी का पर्व मना कर सभी ने एक दूसरे से उत्तम क्षमा कहकर क्षमा याचना की गई। दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराजजी ससंघ के पावन सान्निध्य में समाजजनों द्वारा दस लक्षण महापर्व की आराधना की गई। मुनिश्री द्वारा देवाधिदेव 1008 श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नलखेड़ा में पर्व के अंतिम दिवस समाजजनों के समक्ष उत्तम क्षमा पर प्रकाश डालते हुए, जीवन में क्षमा धारण करने तथा संसार के समस्त जीवो के प्रति दया एवं करुणा के भाव रखने की बात कही। सोमवार को स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा दस लक्षण महापर्व के अंतर्गत दोपहर 3 बजे श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से नगर में कलश यात्रा का चल समारोह निकाला गया, जिसमें मुनि संघ के साथ बड़ी संख्या में समाजजनों द्वारा भाग लिया गया। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर स्वर्ण एवं रजत कलश लेकर शामिल थी। चल समारोह प्रमुख मार्गो से आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचा वहां पर श्री जी के अभिषेक के पश्चात पुनः चल समारोह चौक बाजार स्थित मंदिर पहुंचा वहां पर भी श्री जी के अभिषेक हुए। रात्रि को शास्त्र प्रवचन उपरांत सभी समाजजनों ने पूरे वर्ष में हुई गलतियों की सबसे पहले भगवान से क्षमा याचना कि उसके बाद समाजजनों द्वारा एक दूसरे से क्षमा याचना करते हुए उत्तम क्षमा मांगी गई।

## सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**भैरूंदा।** नगर के इंदौर मार्ग पर शिवहरे पेट्रोल पंप के पास शनिवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक रात को बाइक से घर की ओर जा रहा था। तभी सड़क दुर्घटना में घायल होने पर भोपाल रेफर किया गया था उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।



घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया शनिवार देर शाम मनोज धनवारे निवासी धोलपुर बाइक से घर की ओर जा रहा था। तभी इन्दौर मार्ग नगर के शिवहरे पेट्रोल पंप के सामने से आए अज्ञात वाहन से उसकी बाइक की टक्कर हो गई, इससे वह गंभीर घायल हो गया। जिसकी सूचना मिलने पर परिजन व रिश्तेदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल युवक को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टर ने उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया। जहां युवक ने दम तोड दिया। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि शनिवार रात को सड़क दुर्घटना की जानकारी प्राप्त हुई थी। युवक की पहचान मनोज धनवारे निवासी धोलपुर गोपालपुर थाना अंतर्गत हुई। जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मर्ग क़ायम कर जांच शुरू की गई है, जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### परिजनों का रो रोकर हुआ बुरा हाल

सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के लिए भोपाल अस्पताल में रैफर किया था, उपचार के दौरान युवक मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना परिजनों,रिश्तेदारों को मिलते ही सभी का रो रोकर बुरा हाल है तो वहीं युवक का शव देख फूटफूट, मां, भाई, बहन रोते बिलखती रहे।

### दशलक्षण महापर्व के समापन दिवस पर हुए प्रवचन

# मन को जीतने वाले की हमेशा जीत होती है: गणधर मुनि 108 विवर्धन सागरजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिसने रूप को देखा वह अपने स्वरूप को पहचान नहीं पाया। लेकिन जिसने स्वरूप को पहचान लिया उसका कल्याण हो गया। हृदय में जैसे भी परिणाम होते हैं वह चेहरे पर दिख जाते हैं। मन को जीतने वाले की हमेशा जीत होती है। दिगंबर जैन समाज में चल रहे दशलक्षण महापर्व के समापन दिवस पर अपने प्रवचन में प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराजजी ने यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई।

मुनिश्री ने कहाकि जिसने आत्मा व शरीर के भेद विज्ञान को जान लिया। जिसने स्व व पर का भेद जान लिया वह एक दिन कल्याण कर लेगा। लेकिन जो भेद जान नहीं पाया वहां संसार में ही भटकता रहेगा। हमें अपनी आत्मा के द्वारा आत्मा के लिए आत्मा का ध्यान कर अपने आत्म स्वरूप को प्राप्त करना चाहिए। मुनिश्री ने कहाकि मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। जिसने मन को जीत लिया उसका हित हो जाएगा। मन को जीतने वाले की ही हमेशा जीत होती है। हर व्यक्ति के चिंतन के दो तरीके होते हैं। एक सकारात्मक चिंतन होता है तो एक नकारात्मक चिंतन होता है। एक चिंतन ने उसको संभाल रखा है लेकिन दूसरे चिंतन ने



उसे बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहाकि इष्ट वियोग व अनिष्ट संयोग हर व्यक्ति के जीवन में आता है। जीवन में वियोग, योग व संयोग यह सब चलता रहता हैं। व्यक्ति को सम्यक चिंतन करना चाहिए इससे वहां सुखी बना रह सकता है। धन चला जाये तब भी वहां दुःखी नहीं होता है। जिसकी मोक्ष की इच्छा भी नहीं है वहां भी मोक्ष प्राप्त कर लेता है। मुनिश्री ने कहाकि लौकिक आकांक्षा कभी नहीं करना चाहिए। लेकिन प्रत्येक व्यक्ति लौकिक सुख में ही सुख मान लेता है। और उसकी चाहत भी लौकिक सुख प्राप्त करने की रहती है। चक्रवर्ती को भी यहां पता है की सारी भूमि मेरी होने के बाद मेरी नहीं है। अगर मोक्ष को सुलभ समझते हैं तो उसके लिए प्रयत्न करना चाहिए हम सबको मोक्ष रूपी सुख को पाने का निरंतर प्रयत्न करना चाहिए। उन्होंने कहाकि जितना व्यक्ति धर्म में रुचि रखेगा उतना उसको आनंद आएगा। हम घर में रचे पचे रहते है तो घर का आनंद आता है। जिसके वैराग्य के भाव होते हैं उसको घर का आनंद नहीं आता है। वैराग्य भाव आने पर घर के कर्तव्य भी वह निर्मोही भाव में करते हैं। ऐसे व्यक्ति में भगवान बनने की शक्ति भी है। पर हम अपने अंदर की उपादान शक्ति को पहचान नहीं पा रहे हैं। धीरे-धीरे वह मुनिराजो का आश्रम ले लेता है। प्रारंभ में कष्ट होता है लेकिन धीरे-धीरे सब आसान लगता है। उन्होंने कहा कि आत्म कल्याण के लिए निमित्त बहुत है पर आपका उपादान चाहिए। कम से कम वृत्ति बनने की हमारी भावना होना चाहिए। अभी हम जितना धर्म कर रहे हैं उससे ऊपर उठकर आगे बढ़कर हमें धर्म करना चाहिए। इस पर्व के बाद कितनी प्रोग्रेस हमारे धर्म में हो। कितनी परिणामों में निर्मलता हो रही है। पर्व के बाद शनै - शनै उत्तरोत्तर उन्नति होना चाहिए। इसके लिए मन के भावों को निर्मल करना होगा।

## पार्वती नदी में बहे सपेरे की लाश मिली

# तीन दिन पहले बोरखेड़ा में बहा था शाजापुर के गाडराखेड़ी में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आष्टा के बोरखेड़ा गांव में तीन दिन पहले पार्वती नदी में बहे युवक का शव रविवार को शाजापुर जिले के गाडराखेड़ी में मिल गया। युवक बाइक समेत नदी के तेज बहाव में बह गया था।

क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण पार्वती नदी में बाढ़ आई हुई थी। आष्टा से 18 किलोमीटर दूर बोरखेड़ा गांव में पार्वती नदी पर बने रपटे पर बाढ़ का पानी था। मना करने के बावजूद युवक रपटा पार करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वह तेज बहाव में बह गया।

उसका साथी बचकर निकल आया। पिछले तीन दिनों से दो जिलों के गोताखोर और टीमें युवक



की तलाश में जुटी थीं। शुक्रवार और शनिवार को भी लगातार तलाशी अभियान चला। रविवार सुबह शाजापुर जिले के तिलावत पुलिस चौकी क्षेत्र में पार्वती नदी के किनारे शव मिला। आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पानी का बहाव कम होने के बाद शव मिल गया।

## खबर संक्षेप

### महापौर ने शिप्रा नदी में की पूजा-अर्चना



**देवास।** मां शिप्रा नदी में हाल ही मे आए वर्षाकाल मे पर्याप्त जल आने पर नगर निगम महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने सोमवार को विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर की गई। महापौर ने बताया कि शिप्रा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा और पहचान का प्रतीक है। "नदी में जल का प्रवाह फिर से देखकर मन में श्रद्धा और संतोष की भावना जागृत होती है। अवसर पर विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, ग्राम क्षिप्रा सरपंच विश्वास उपाध्याय, निगम स्वास्थ्य विभाग समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षद राजा अकोदिया, राहूल दायमा,महेश फुलेरी, पार्षद प्रतिनिधि बाबु यादव, अजय पडियार, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, भाजपा नेता रघु भदौरिया, विपुल अग्रवाल, जितेन्द्र जायसवाल, दुर्गेश चिल्लेरिया, निगम उपायुक्त आरती खेडेकर, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, दिनेश चौहान, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार आदि उपस्थित रहे और शिप्रा मैया के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा घाटों की साफ-सफाई, जल संरक्षण उपायों और वर्षा जल संचयन जैसी पहलों के चलते नदी में पानी की आवक संभव हुई है। इस पुनः जागृत जलधारा को नगर के लिए शुभ संकेत मानते हुए महापौर ने भविष्य में और भी जल-संरक्षण अभियानों को तेज़ी से आगे बढ़ाने की बात कही।

### थाना कोतवाली और हाटपीपल्या पुलिस ने साइबर व ऑनलाइन ठगों को किया गिरफ्तार

# इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन शापिंग के नाम पर धोखाधड़ी टेलीग्राम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले 10 आरोपी पकड़े

### आरोपियों से 8 लाख रुपए से अधिक नगदी, एटीएम, सीम कार्ड, पासबुक सहित 5 मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद ने सोमवार को दो अलग-अलग थानों के प्रकरणों का खुलासा किया। एक प्रकरण में अपराधी सोशल प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पेज बनाकर साड़ियों के साथ आभूषणों को बेचने का झांसा देते थे। ग्राहक जब ऑनलाईन भुगतान करते तो सामान भेजा नहीं जाता था। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरा मामला टेलीग्राम चैटिंग एप पर लालच देकर व्यापार शुरु करने व ठगी को लेकर था, जिसमें फरियादीयों ने पुलिस के 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों को लेकर एसपी गेहलोद ने प्रेस वार्ता कर प्रकरणों का खुलासा किया।

एसपी गेहलोद ने बताया कि पहला प्रकरण कोतवाली थाना अंतर्गत है जिसमें ऑपरेशन फास्ट के अंतर्गत पूरे प्रदेश में फर्जी सीम कार्ड धारकों, विक्रेताओं और एजेंटो के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत 6 सायबर अपराध की शिकायतों को लेकर जांच के लिए निर्देशित किया गया था। कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा सायबर सेल भोपाल से प्राप्त शिकायतों के आधार पर संदिग्ध मोबाइल नंबरों की जांच की गई। उक्त नंबरों से जुड़े उपभोक्ता फार्मों के विश्लेषण में सामने आया कि ये सिम कार्ड वेंडर सुनील शिंदे निवासी नाथ मोहल्ला देवास द्वारा बेचे गए थे। पूछताछ में वेंडर ने बताया कि सिम कार्ड वैध दस्तावेजों पर बेचे गए थे,







लेकिन आगे की जांच में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। सिम धारक आकाश ठाकुर, लखन पाल और आकाश ताड़े ने स्वीकार किया कि उन्होंने ठगी करने के उद्देश्य से सिम कार्ड खरीदकर बैंक खातों का संचालन किया और उक्त खातों से संबंधित पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक व सिम कार्ड को प्रतीक शर्मा को सौंपा।

प्रतीक शर्मा ने यह सभी दस्तावेज आशु पाठक को दिए, जिसने इन्हें मयंक कांकर निवासी मुरैना को 7 से 8 हजार रुपए में बेच दिया। इस मामले में मयंक कांकर से पूछताछ की गई उसने बताया कि इन सिम और बैंक दस्तावेजों का उपयोग कर इंस्टाग्राम पर दो फर्जी पेज साथ फेरे कलेक्शन, किंजल साड़ी और आभूषणों के नाम से बनाए थे। इन पेजों पर महिलाओं के वस्त्र और आभूषण बेचने का झांसा दिया जाता था। ग्राहक जब ऑनलाइन भुगतान करते, तो सामान भेजा नहीं जाता। इस तरह लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया।

#### टेलीग्राम पर सायबर ठगी हुई 4 आरोपी गिरफ्तार

जिले के हाटपिपलिया थाना क्षेत्र में 16 जुलाई को आवेदक हरीओम पाटीदार निवासी हाटपिपलिया ने सायबर फ्रॉड के जरिए 9 लाख 30 हजार 921 रुपए ठगे जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस को विवेचना में पता लगा कि अपराधियों ने टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग करवाकर अच्छा लाभ दिलवाने का लालच देकर किराये पर लिये गये बैंक खातों में फरियादी से राशि को डलवाई। तकनीकी साक्ष्यों को सुक्ष्मता से अध्ययन करते हुए पाया गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा देवास शाखा के एक खाते में सायबर फ्रॉड की राशि ट्रांसफर की गई थी। पुलिस टीम ने तत्काल बैंक से संबंधित विवरण प्राप्त कर खाताधारक निखिल पिता विजय प्रताप सिंह निवासी लक्ष्मण नगर देवास को पुलिस अभिरक्षा में लेकर प्रारंभिक पूछताछ करने पर निखिल ने स्वीकार किया कि उसने अपना बैंक खाता राजस्थान के कुछ अज्ञात व्यक्तियों को किराये पर दे रखा था। अनावेदक निखिल द्वारा बताये बयान के आधार पर पुलिस ने राजस्थान के बीकानेर और जयपुर में रह रहे आरोपियों की पहचान कर देवास और जयपुर में समन्वित कार्रवाई करते हुए कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 8 लाख 56 हजार रुपए नगद, 16 एटीएम कार्ड, 12 सिम कार्ड, 5 पासबुक व 5 मोबाइल फोन जब्त किया है। उक्त आरोपियो में तीन आरोपी राजस्थान के व एक आरोपी देवास का निवासी है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि टेलीग्राम पर चैनल बनाकर ऑनलाईन ट्रेडिंग करवाकर लाभ अर्जित करवाने के नाम पर विभिन्न बैंक खातों में राशि डलवाने वाले सायबर गिरोह के 4 आरोपियो को देवास व बीकानेर, जयपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया है जिनमें राजेंद्र पिता रामलाल स्वामी उम्र 21 साल निवासी बीकानेर हाल मुकाम नंदगांव एवेन्यु जयपुर, रितेश पिता रामलाल स्वामी उम्र 25 साल निवासी बीकानेर हाल नंदगांव एवेन्यु जयपुर, विवेक पिता अजय कश्यप कुमार निवासी जयपुर, निखिल पिता विजय प्रताप सिंह निवासी लक्ष्मण नगर देवास है।

#### इनका रहा सराहनीय कार्य

आरोपियों को पकडऩे में कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा, उनि जीवन भिंडोरे, प्रआर मनोज पटेल, सुनील देथलिया, रवि गरोडा, आर नवीन पटेल, मनीष देथलिया, सुजीत चौधरी व सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान, शिवप्रताप सिंह सेंगर, आर मोनू राणावत का सराहनीय योगदान रहा। वहीं हाटपिपलिया थाने के मामले में थाना प्रभारी दीपक यादव, उनि चिन्तामण चौहान, लोकेश कुशवाह, सउनि मनोज पटेल, आर दीपक कुशवाह, विकास राजावत, रोहित दसोरिया, निलेश परिहार व सायबर सेल टीम से महिला प्रआर गीतिका कानूनगो, प्रआर सचिन चौहान, शिवप्रताप सिंह सेंगर का सराहनीय योगदान रहा।

# तीन हजार मानदेय की घोषणा के बाद भी नहीं मिला कर्मचारियों को लाभ, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मप्र सहकारी संस्थाऐ कर्मचारी महासंघ, मप्र के बैनर तले सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय, देवास में जिला स्तरीय ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष ठाकुर जवाल सिंह सेंधव ने बताया कि पैक्स एवं लेम्प्स कर्मचारियों की लम्बित मांगों के शीघ्र निराकरण हेतु यह ज्ञापन दिया गया है।

उन्होंने बताया कि बहुद्देशीय सहकारी साख समितियों को मिलने वाले प्रबंधकीय अनुदान में वृद्धि के आदेश पहले ही जारी हो चुके हैं। लेम्प्स को 48,000 और पैक्स को 24,000 की जगह अब 3,00,000 प्रतिवर्ष दिये जाने का प्रावधान है। इसके अलावा, उचित मूल्य की दुकानों के संचालन हेतु विक्रेताओं को प्रति माह 3,000 अतिरिक्त मानदेय दिए जाने की घोषणा के बावजूद अभी तक कई संस्थाओं के कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिला है। महासंघ की प्रमुख मांगे है कि विक्रेताओं के खाते में अतिरिक्त 3,000 प्रतिमाह की राशि तुरंत जमा कराई जाए।

सहायक समिति प्रबंधकों को समिति प्रबंधक (केडर भर्ती) के पद पर प्राथमिकता से 60 प्रतिशत नियुक्त किया जाए। कंप्यूटर ऑपरेटरों का स्थायीकरण किया जाए, क्योंकि वे ऑनलाइन कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कनिष्ठ विक्रेताओं की परीक्षा अवधि पूरी हो चुकी है, उन्हें स्थायी संस्था कर्मचारी घोषित किया जाए। महासंघ ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो 9 से 11 सितंबर 2025 तक संस्था स्तर पर सभी कार्य जैसे राशन वितरण, खाद वितरण, वसूली और ईआरपी संचालन पूर्णतः बंद रहेंगे। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन के साथ प्राप्त राशि की सूची एवं संबंधित आदेशों की प्रतियां भी संलग्न की गईं। ज्ञापन के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष इंदर सिंह गौड़, मोहन लाल जाट महासचिव बहादुर सिंह भाटी, जीवन सिंह राजपूत, दीपेंद्र सिंह राजपूत,राजेंद्र पटेल, महेंद्र सिंह दरबार, सत्यनारायण चौधरी, राकेश सिंह बेस, सोनू पाटीदार, सरवन पाटीदार, शिवनारायण जी, राज कुमार सेंधव,बबलू मालवीय, अखिलेश पाटीदार और रामेश्वर मंडावत, विजय कुमार जोशी, रमजान शेख, रामेश्वर मण्डावत, राजीव पटेल, विजेन्द्र मालवीय हरणगांव सहित बड़ी संख्या में महासंघ कर्मचारी उपस्थित थे।

### मेंढकी के रेलवे अंडर ब्रिज में भरा पानी

**देवास।** शहर मेढक्की रोड स्थित रेलवे अंडर ब्रिज में पिछले तीन दिनों से बारिश का पानी जमा है। इस कारण अंडर ब्रिज से आवागमन पूरी तरह बंद है। सोमवार को रेलवे के अधिकारियों ने ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने करीब एक घंटे तक ब्रिज के आसपास का जायजा लिया। रेलवे के सहायक मंडल इंजीनियर ने पानी जमा होने के लिए नगर निगम को जिम्मेदार ठहराया। उनका कहना है कि सडक़ का पानी ब्रिज में आ रहा है, जिसे रोकना चाहिए।

# 17 सितंबर को इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन के प्रभावित किसान करेंगे धरना प्रदर्शन और आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

स्थानीय किसानों ने मांग उठाई कि मनमोहन सरकार के समय वाला भूमि अधिग्रहण कानून प्रदेश में लागू किया जाए। अन्नदाताओं की मांग कलवार घाट से धन तालाब घाट तक रेलवे लाइन का रूट परिवर्तन करते हुए सरकारी एवं वन भूमि में से निकाला जाएं। केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की मोहन यादव सरकार के पास अडानी अंबानी का कर्ज माफ करने के लिए पैसा है, भूमि अधिग्रहित पीड़ित किसानों के लिए नहीं। किसान हंसराज मंडलोई ने बताया कि 17 सितंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक इंदौर बुधनी रेलवे लाइन से प्रभावित किसान जिले के दखनाखेडी गांव में शिप्रा के तट पर धरना प्रदर्शन करेंगे एवं इस प्रदर्शन में मालवा प्रांत के अन्य प्रभावित किसान भी इंदौर बुधनी रेलवे लाइन के किसानों के समर्थन में उतरेंगे। मंडलोई ने बताया कि लगातार कई सालों से इंदौर बुधनी रेलवे लाइन के प्रभावित किसानों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं परंतु केंद्र एवं प्रदेश की सरकार किसान विरोधी गतिविधियों में शामिल होकर किसानों को बर्बाद कर रही है एवं जानबूझकर किसानों के हित वाला भूमि अधिग्रहण कानून 2014 जो डॉक्टर मनमोहन सिंह कि कांग्रेस सरकार ने पास किया था उसे लागू नहीं कर रही है। पीड़ित किसानों ने मांग की है कि हमें बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा दिया जाए। पिछले 18 वर्षों से जमीन की गाइडलाइन नहीं बढ़ाई गई है उसे प्रति वर्ष अनुसार 20% बढ़कर किसानों को मुआवजा दिया जाए। रेलवे द्वारा पीड़ित किसानों के बच्चों को योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी दी जाए।

### विद्युत कार्यपालन यंत्री के नेतृत्व में किया निरीक्षण



**भौरासा।** नगर के वितरण केंद्र पोलाय जागीर एफओसी के अंतर्गत ग्राम डकाच्या में बार-बार जलने वाले ट्रांसफॉर्मर का भौतिक निरीक्षण कार्यपालन यंत्री सोनकच्छ अंकुर गोयल के मार्गदर्शन में कनिष्ठ यंत्री मंसूर अली, कनिष्ठ यंत्री जितेंद्र सावनेर, कनिष्ठ यंत्री वंदना चौहान, लखन चौहान एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में किया गया जिसमें ट्रांसफार्मर के बार बार जलने का कारण, एलटी केबल का चिपकना एवं कुछ उपभोक्ताओं द्वारा हीटरों का उपयोग करना पाया गया जिस पर टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत लगभग 95 नंबर उपभोक्ताओं के घरों से 33 हीटर एवं 3 इंडक्शन जब्त किए गए। 10 उपभोक्ताओं के मौके पर पंचनामे बनाए गए। हीटरों को मौके पर ही नष्ट किया गया एवं उपभोक्ताओं को समझाइश दी गई कि आगे से हीटर का उपयोग ना करते हुए खाना बनाने हेतु अन्य साधन का उपयोग करें।

# संजय नगर से बिंजाना तक सड़कों की हालत खस्ता, रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वार्ड क्रमांक 16 संजय नगर के रहवासियों ने क्षेत्र की जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर पार्षद प्रत्याशी रहे विमल चौधरी के नेतृत्व एवं नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहुल पवार की उपस्थिति में डिप्टी कमिश्नर देवबाला पिपलोदिया एवं जाकिर जाफरी को ज्ञापन सौंपा। रहवासियों ने बताया कि संजय नगर से लेकर राजीव नगर व बिजाना तक के मुख्य मार्ग एवं गलियों की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढों के कारण आवागमन बाधित होता है। आपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुँचना कठिन हो जाता है। साथ ही महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों को मार्ग से निकलने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ भी घटित हो रही हैं। रहवासियों ने प्रशासन से मुख्य मार्ग की तत्काल मरम्मत एवं सुधार की मांग करते हुए नवीनकरण की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान हाजी शाहिद शेख, बाबूलाल भाट, मुन्ना शेख, भरत लाभाने, दिनेश अहिरवार सहित



कई रहवासी मौजूद रहे।

### नवरात्रि पर्व पर व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर, एसपी ने किया निरीक्षण

# सुगम दर्शन, सुरक्षा, साफ-सफाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से मनाया जाएगा। नवरात्रि पर्व पर माताजी की टेकरी पर की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियों को लेकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने माताजी टेकरी का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी यातायात एचएन बाथम, एसडीएम आनंद मालवीय, सीएसपी, नगर निगम उपायुक्त, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, नगर निगम, वन विभाग, यातायात, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने कहा कि माताजी टेकरी इस प्रकार की व्यवस्था करें कि श्रद्धालु सुगमता से दर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि बड़ी माता और छोटी माता मंदिर परिसर में दर्शन के लिए अच्छे से प्रबंधन करें। इस दौरान



उन्होंने विगत वर्षो में किस प्रकार की व्यवस्था की जाती रही है, इसकी जानकारी भी ली। कलेक्टर सिंह ने नवरात्र के दौरान सीढ़ी और शंख द्वार मार्ग पर बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीढ़ी और शंख द्वार मार्ग पर अस्थाई दुकान नहीं लगने दें। अस्थाई दुकानों के लिए केबल कार परिसर में अलग से जगह देकर अस्थाई दुकानें लगाए। नवरात्र के दौरान सीढ़ी और शंख द्वार मार्ग क्लियर रहना चाहिए। माताजी टेकरी पर लग रही स्थाई लाईट का निरीक्षण किया तथा शीघ्र कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि बारिश की संभावना को देखते हुए अभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें। माताजी टेकरी पर वाटर प्रूफ टेंट भी लगाए। उन्होंने कहा कि जहां पत्थर गिरने की सम्भवना रहती है, वहां आवश्यक कार्यवाही करें। माताजी टेकरी पर रैलिंग को दुरूस्त कर लें। जहां शेड की शीट टूट गई उन स्थानों पर नई शीट लगाये। पार्किंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेकर नगर निगम को पार्किंग स्थल पर चार अस्थाई शौचालय दो पुरुष और दो महिलाओं के लिए बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने पार्किंग स्थल पर पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये।सिंह ने कहा कि किसी का करंट नही लगें, इसलिए पोल को 8 फ़ीट तक इन्सुलेट करें। उन्होंने कन्ट्रोल का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि कोई भी महत्वपूर्ण पॉइंट छूटना नही चाहिये। अभी कंट्रोल रूम में दो टीवी लगे है, जिस पर कलेक्टर ने कहा कि कंट्रोल रूम में चार टीवी लगाए जिससे सभी कैमरे कवर हो जाएंगे। उन्होंने नवरात्र पर भीड़ प्रबंधन के लिए रसूलपुर चौराहे पर भी वाईफाई कैमरे लगाने के निर्देश दिये।

# शहर के छात्रों ने राज्य स्तरीय कराते चैम्पियनशिप में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

रतलाम में आयोजित राज्य स्तरीय युद्धा कराते चैम्पियनशिप में देवास के किंडर हायर सेकंडरी स्कूल के 7 छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में अक्षय चौधरी और हर्ष मालवीय ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया, जबकि चिरायु मोदी, उज्वल खोलकर और प्रिंस मालवीय ने रजत पदक हासिल किए। इसके अलावा वंश वर्मा और युवराज सोलंकी ने कांस्य पदक जीतकर



अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल परिवार ने छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। छात्रों के इस प्रदर्शन से देवास के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और बढ़ेगा, यह जिले के लिए गर्व का विषय है।

## खबर संक्षेप



### नाले से नवजात शिशु का मिला भ्रूण

**ललितपुर**। ग्राम मसौरा खुर्द के नाले से भ्रुण हत्या का मामला किसीने अपने पेट में पल रहे मासूम भ्रुण को ग्राम के ही पास नाले में फैक दिया गया है जब लोग सुबह नाले के पास कचड़ा फेंकने आये तो देखा कि नाले के किनारे पानी में एक नवजात शिशु का भ्रुण डला हुआ देख ग्राम में हलचल मच गई और लोगों का मानना है कि यह भ्रुण लगभग छै महिने से उस कुख्यात हत्यारिन मां के पेट में पल रहा है और ये कलयुग में एक मां की ममता को शर्मशार करने का घिनौना कृत्य किया । मौके पर पुलिस ने पहुंचकर नवजात शिशु के शव को नाले से निकाल कर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

### जीएसटी घटाने पर किसान संघ ने पीएम को दिया धन्यवाद

**ललितपुर** । भारतीय किसान संघ ने 19 दिसंबर 2022 को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक लाख किसानों के साथ सभी कृषि आमदनी पर से समाप्त करने की मांग की थी। जिसे देर से ही सही केंद्र सरकार ने माना है और जीएसटी दरों में भारी कमी करते हुए 18% से 5% की है। भारतीय किसान संघ सरकार के इस कदम का स्वागत करता है। पहुंचेगा तथा किसान भी लाभान्वित होगा भारतीय किसान संघ द्वारा पूर्व में मांगी गई माँगों पर सरकार द्वारा जो जीएसटी दरें घटाई गई है उसका भारतीय किसान संघ द्वारा स्वागत किया गया है इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष केहरसिंह बुंदेला जिला अध्यक्ष बद्री नारायण कौशिक जिला मंत्री हरपाल सिंह जिला प्रचार प्रमुख नवीन जैन थनवारा जिला उपाध्यक्ष सोहन सिंह विश्वकर्मा कृष्णकांत कांकर विजय सिंह रामपाल सिंह पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला आदि उपस्थित रहे।

### यूपीएससी में चयनित स्वाति जैन हुई सम्मानित

**ललितपुर**। दिगम्बर जैन महासमिति चेलना इकाई (महिला)



द्वारा श्रीआदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नईबस्ती में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित स्वाती जैन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वाती जैन पुत्री स्व.अनिल बुखारिया ने यूपीएससी परीक्षा में 539 वी रैंक प्राप्त कर जनपद व समाज का नाम रोशन किया। महासमिति चेलना इकाई की सदस्याओं में अध्यक्ष रश्मि जैन, मंत्री मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष मेघा सतभैया, संरक्षक मंजू जैन, संगीता, सिन्धु सिंघई, सरोज जैन, सुषमा बरया, मीना जैन, ममता जैन, ममता मौजूद रहीं।

### बुनकर समाज के जिलाध्यक्ष बने गब्बर

**ललितपुर**। अमझरा घाटी में हुई बुनकर समाज की बैठक में समाज बन्धुओं ने मिलकर बुनकर समाज की5 टीम का गठन किया हैं। पूरी टीम का शपथ ग्रहण अतिथि रामदास सर्वोहम द्वारा सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष गब्बर बुनकर टेंनगा, उपाध्यक्ष पुरुषोंत्तम बुनकर अगोड़ी, जयराम धौलपुरा, मानसिंह बरखेरा, रामबाबू कल्यानपुरा, संरक्षक आशाराम एड. बगसपुर, महासचिव घनश्याम गौना कुसमाड़, सचिव पहलवान एड.बानपुर, राजेश चांदोरा तालबेहट, सोबरन सिमरिया, कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र महरौनी, मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार अगौडी, उप मीडिया प्रभारी चिंतामन कुरौरा, सगंठन मन्त्री श्यामसुन्दर गुमची, संयोजक बिन्दावन कुरौरा, सहसंयोजक लछमन धौलपुरा, प्रचार मंत्री जोधन सिंह धुरवारा, मंत्री हरनारायन झरावटा, सहमंत्री राजपाल बगसपुर, सह कोषाध्यक्ष कोमल बिरधा, सह प्रचार मंत्री नीरज बनयाना, सहसगंठन मंत्री सुरेन्द बनयाना, महामंत्री नीमेश चौमऊ, सचिव इमरत मुखिया बुदनी, भैयालाल साढूमल, भगवानदास कचरौंदा आदि पदाधिकारी चुने गये।

## समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान की शुरुआत की

# जनपदवासियों ने परम्पराओं व संस्कृति को त्याग, तपस्या से किया संरक्षित: डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान की शुरुआत की है, जिसके तहत शासन स्तर से गठित प्रबुद्धजनों की टीम जिलों में भ्रमण कर विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, व्यापारी, उद्यमी, श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, मीडिया और आम नागरिकों से सुझाव ले रही है। इसी के क्रम में जनपद ललितपुर में भी डॉ ज्ञानेन्द्र नाथ, सलाहकार (खाद्य एवं औषधि प्रशासन) मुख्यमंत्री उप्र, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग/नोडल अधिकारी श्री अमृत त्रिपाठी, डॉ प्रतीक अग्रवाल, प्रोफेसर बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी ने दो दिवसीय भ्रमण के आज पहले दिन नेहरु महाविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र और कलैक्ट्रेट सभागार में जनजागरुकता कार्यशाला कर विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण हेतु गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल समर्थ उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक अभियान की शुरुआत की है, यह अभियान किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, इसमें विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, व्यापारी, उद्यमी, श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, मीडिया और आम नागरिक सभी इसमें अपनी भागीदारी दर्ज करा सकते हैं। नागरिकों की सीधी भागीदारी से न केवल योजनाएं अधिक प्रभावी बनेंगी बल्कि विकास की यात्रा में सभी वर्गों का योगदान भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस अभियान से प्राप्त विचारों को आधार बनाकर एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार करेगी। यह डॉक्यूमेंट तीन प्रमुख थीमोंकृअर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्तिकृके इर्द-गिर्द केंद्रित होगा। साथ ही इसमें 12 प्रमुख सेक्टर शामिल होंगेकृकृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी एवं उभरती प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन। इन सभी विषयों पर प्राप्त सुझावों के आधार पर राज्य के विकास की दीर्घकालिक रणनीति तय की जाएगी। यह विजन डॉक्यूमेंट न केवल वर्तमान नीतियों की दिशा तय करेगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास की आधारशिला साबित होगा। यही दस्तावेज़ उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में ले जाने का रोडमैप बनेगा।

### जनपद की समस्याएं व सुधार हेतु सुझावों को सूचीबद्ध कर रखेंगे

कलेक्ट्रेट सभागार में समिति व नोडल अधिकारी ने प्रबुद्धजनों के साथ समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने सभी का बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उप्र श्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, दिनेश गोस्वामी आदि जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों से उनके विचार, जनपद की समस्याएं व सुधार हेतु सुझावों को सूचीबद्ध करते हुए सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखने की बात कही। कार्यशाला में मुख्य रुप से जनपद की पत्थर की खदानों को पुनः शुरु कराने, जल जीवन मिशन अंतर्गत खोदी गई सड़कों की मरम्मत व पेयजल आपूर्ति, पर्यटन स्थलों तक पहुंच मार्ग, महिलाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण, शहर की यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु फ्लाईऑवर ब्रिज का निर्माण, लखंजर पापरा ग्राम में सम्पर्क मार्ग, आधुनिक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहन आदि प्रकरण शामिल रहे। इस अवसर पर मा0 सदर विधायक ने सुझाव दिया कि कि शहर में मिलिट्री की भूमि का स्थानान्तरण आवश्यक है, जिसके कारण विकास के अनेकों कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मा0 राज्यमंत्री ने कहा कि जनपद में पत्थर की खदानों को शुरु कराने का प्रस्ताव रखा। पर्यटन रतन रविन्द्र दिवाकर ने जनपद में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को विस्तार से बताया। स्वयंसेवी संस्था बुन्देलखण्ड ग्रामोधोगिक समाज सेवा समिति के प्रमुख पवन संज्ञा ने महिलाओं को आर्थिक रुप से समृद्धि लाने के लिए उन्हें पशुपालन उपलब्ध कराने की योजना बनाये जाने का प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही प्रबुद्धजनों ने जनपद में सौर ऊर्जा के साथ पवन ऊर्जा की संभावनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। मा0 सलाहकार महोदय ने सभी के सुझावों पर मा0 मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखने का आश्वासन दिया और कहा कि विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे और प्रदेश की प्रगति में भागीदार बनेंगे। कार्यक्रमों में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी पाली भूपेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, छात्र-छात्राएं, किसान, एफपीओ, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, विभिन्न विधाओं के प्रबुद्धजन आदि उपस्थित रहे।

### इस माटी में विकास की असीम संभावनाएं छिपी हैं

भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए उन्होंने तुलसी सभागार नेहरु महाविद्यालय में एकीकृत शैक्षणिक सत्र एवं शिक्षा संवाद किया। उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. ज्ञानेन्द्र नाथ सिंह सेवानिवृत्त आईएएस ने कहा कि बुन्देलखण्ड का ललितपुर जनपद भारत के मध्य में स्थित है। यहाँ की माटी वीरांगनाओं और वीर सपूतों की रही है। इस माटी में विकास की असीम संभावनायें छिपी हुई हैं। इस धरती में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने विकसित उत्तर प्रदेश करने का सपना देखा है इसलिए नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत हर घर पेयजल पहुंचाने एवं साड़ी उद्योग को विकसित करने एवं खनिज और मिनरल का जो अकूत भण्डार जनपद में है, उसके निरन्तर विकास के लिए सरकार सतत प्रयत्नशील है। जनपद पर्यटन का प्रमुख केन्द्र है। सरकार की मंशा है कि यहाँ पर्यटन का हब बनाकर सैलानियों के लिए आकर्षिक करें। यहाँ रोजगार के साधन मुहैया करायें। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक विकास के लिए सरकार हर संसाधन गुणात्मक शिक्षा के लिए जुटाने हेतु प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति हर जनपद में एक विश्वविद्यालय की है। जिसके तहत नेहरू महाविद्यालय ललितपुर की प्रबंध समिति की मांग पर उनका विश्वविद्यालय का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा, जिससे जनपद के छात्र/छात्राओं का रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त करने का सपना पूरा सकेगा। उन्होंने छात्र/छात्राओं एवं प्राध्यापकों से संवाद किया जिसमें सभी ने एक स्वर से नेहरू महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनाने की पुरजोर रूप से मांग की। शिक्षाविद प्रो. प्रतीक अग्रवाल, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी ने कहा कि प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने नई शिक्षा नीति से संबंधित विभिन्न पहलुओं को विद्यार्थियों के सामने रखकर मार्गदर्शन किया।

### एफपीओ के प्रतिनिधियों किसानों से वार्तालाप किया

नेहरु महाविद्यालय के उपरान्त प्रबुद्धजनों की समिति ने कृषि विज्ञान केन्द्र में समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान कार्यशाला में प्रतिभाग किया। उन्होंने कार्यक्रम में जनपद के सभी 71 एफपीओ के प्रतिनिधियों एवं लगभग 80 किसानों से वार्तालाप किया। मुख्यमंत्री के संकल्प उप्र को 2047 तक विकसित बनाने के प्रयास के तहत एफपीओ की तरफ से आये सुझावों में ब्लाक स्तर पर अनाज भण्डारण, पॉली हाउस के माध्यम से किसानों को गुणवत्तायुक्त पौध एवं बीज उपलब्ध कराने, दलहनी-तिलहनी का सीड पार्क तैयार करके उन्नतशील बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, फसल विविधिकरण एवं प्रसंसकरण के माध्यम से कृषको की आमदनी बढ़ाने इत्यादि पर चर्चा करते हुए उपरोक्त सुझावों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करने की बात की गयी। प्रगतिशील कृषक विजय सिंह राजपूत, ग्राम- ककरूआ से चर्चा कर केवीके, ललितपुर के सहयोग से बलिनी दुग्ध संग्रह केन्द्र से 500 से अधिक कृषकों को जोड़ने की बात पर जोर दिया गया। डा मुकेश चन्द, अध्यक्ष, केवीके, ललितपुर द्वारा विकसित उ0प्र0 अभियान के तहत किसान भाइयों को फसल विविधिकरण अपनाने में बुन्देलखण्ड में दलहनी-तिलहनी के क्षेत्रफल को बढ़ाने, बाजार उपलब्धता हेतु एफपीओ को मजबूत करने पर बल दिया गया।

## ग्रामीणों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

# छिल्ला गांव में अवैध ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त हुए मकान व कुएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कस्बा बानपुर के ग्राम छिल्ला में क्रेशर संचालक द्वारा डी होल कर नियम विरूद्ध तरीके से अवैध ब्लास्टिंग करने का आरोप लगाया गया है। यह मामला पहली बार नहीं, वरन इसके पहले भी ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन कार्यवाही न होने के कारण क्रेशर संचालक द्वारा अब किसी भी समय किसी भी जगह ब्लास्टिंग की जा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया है। कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री से प्रकरण की जांच कराने और अनियमित्त तरीके से की जा रही अवैध ब्लास्टिंग को बंद कराये जाने की गुहार लगायी है।

भेजे ज्ञापन में ग्रामीणों ने जानकारी दी कि ग्राम छिल्ला में त्रिदेव स्टोन क्रेशर संचालित है, जो कि पास में लगे मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ निवासी एक प्रभावशाली व्यक्ति का है। आरोप है कि क्रेशर संचालक द्वारा उच्च स्तर की ब्लास्टिंग, डी-होल (विगेन्डर) से होने वाले कम्पन्न से गांव के कई मकान व कुंए क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और गम्भीर बीमारियां गांव में पनप रहीं हैं। इसके अलावा धूल से आसपास का वातावरण भी काफी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने गंभीर आरोपलगाते हुए मांग की कि अवैध ब्लास्टिंग के चलते कई खेत बंजर तक हो चले हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि क्रेशर संचालक द्वारा ग्राम सभा की आराजी संख्या 216 रकवा 4 एकड़ 18 डिस्मिल, जो कि वनीकरण के लिए आरक्षित की गयी थी, जिस पर क्रेशर संचालक द्वारा मलवा व पत्थर रखकर एवं खनिज कार्य करते हुये अनाधिकृत तरीके से कब्जा किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनिज विभाग की मिलीभगत से उच्च स्तर की ब्लास्टिंग (बगैर लाइसेंस के) करके ग्राम सभा की जमीन पर खनन प्रक्रिया जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सम्बन्ध में पहले भी जिला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कार्यवाही न होने से क्रेशर संचालक बेखौफ हो गया है। अब तक न तो ग्राम सभा की जमीन पर खनन प्रक्रिया बंद हुयी और न ही उड़ती धूल पर नियंत्रण किया गया और न ही ग्राम सभा की जमीन को सुरक्षित किया गया है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करायी जाकर क्रेशर संचालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुये अवैध खनन व ब्लास्टिंग को तत्काल बंद कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय ग्राम पंचायत सदस्य गोविन्द, तुलसीराम, देशराज, अनेक सिंह, बृजेन्द्र सिंह, रामकिशन, सतेन्द्र राजा, पुष्पेन्द्र, खेमचंद्र, मंगूलाल, विजय सिंह, कैलाश नारायण, कल्यान सिंह, विजय, अशोक कुमार, अंगद सिंह, कप्तान, बारेलाल, जाहर सिंह, रिषी, रूपेश, संजय, सोनू, हरनाम, मुकेश कुमार, गोलू राजपूत, भजनसिंह, हरीसिंह, काशीराम, निहाल सिंह, प्रवेन्द्र, सुरेन्द्र सिंह, अंकित के अलावा अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### कार चालक ने बछड़े को रौंद डाला, मौत

**ललितपुर**। गाय के बछड़े पर कार चढ़ाकर भागे चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। मोहल्ला खिरकापुरा निवासी मनोज रैकवार पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि वह राष्ट्रीय बजरंग दल का कार्यकर्ता है। मनोज के अनुसार बीते रविवार को रात करीब 8 बजे मोहल्ला घुसयाना चुंगी के पास चार पहिया वाहन संख्या यू.पी. 94 ए.एच. 9909 तेज रफ्तार से आयी और चालक ने लापरवाही पूर्ण तरीके से कार चलाते हुये सड़क किनारे बैठे गाय के बछड़े को रौंद दिया, जिससे बछड़े की मौके पर ही मौत हो गयी। मनोज के अनुसार मोहल्लेवासियों ने जब कार चालक को रोकने का प्रयास किया तो वह गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। मौके पर लोगों ने डायल 112 के जरिए पुलिस को सूचना दी। मनोज की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 325, 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## विश्वकर्मा-झां समाज समिति ने डीएम को दिया ज्ञापन

# धर्मशाला पर कब्जा करने का आरोप लगाया



**ललितपुर**। विश्वकर्मा, झां समाज सेवा समिति की धर्मशाला जो कि बयाना नाले के पास स्थित है, पर नया संगठन बनाकर कुछ सामाजिक व्यक्तियों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बन्ध में समिति पदाधिकारियों ने सजातीय बंधुओं के साथ मिलकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि बयाना नाले के पास समाज की धर्मशाला स्थित है। इस धर्मशाला का प्रबंधन विधिवत निर्वाचित प्रबंधकारिणी करती है। आरोप है कि बीती 26 अप्रैल 2025 को बानपुर के बजरंगगढ़ मंदिर में आयोजित समाज की बैठक में सर्वसम्मति से कैलाश नारायण झां को समाज का निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया था। बैठक के बाद चुने गये पदाधिकारियों की समिति ही प्रबंधन देखती है जो कि विधिवत वैध है। बताया कि कुछ समाज के लोगों द्वारा जानबूझ कर समाज व प्रशासन को गुमराह करते हुये अपना संस्थान बनाये हुये हैं, जो कि गलत है। आरोप है कि उक्त लोग समाज की सम्पत्ति एवं धर्मशाला परिसर पर अनुचित व अनाधिकृत कब्जा करने अपने व्यक्तिगत उपयोग करने की प्रतीत होती है। इन सभी प्रकरणों को देखकर समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि उक्त लोग के कारण समाज में ही अशान्ति फैलाने, झगड़ा होने और कानून व्यवस्था भंग होने की गंभीर आशंका है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि धर्मशाला परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित की जाकर अनाधिकृत हस्तक्षेप को रोके जाने और गुमराह करने की नीयत से बनायी गयी संस्था के कार्यों की जांच-पड़ताल कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय कैलाश, बृजकिशोर, रामप्रकाश झां छिपाई, मनोज कुमार एड., अरविन्द कुमार, हुकुम सिंह, घनश्याम, कैलाश बार, हरबल सिंह बार, राजू झां, प्रभुदयाल, श्रीराम झां, गोलू झां, अखिलेश कुमार, श्रीराम, सत्यम झां, हरिदयाल, विष्णु कुमार विश्वकर्मा, डा.महेश कुमार झां, रवि झां बुढ़वार, गनेश प्रसाद झां, मनोहरलाल झां, रमेश कुमार बानपुर, राहुल झां, अनिल, ताराचंद्र झां, रामनरेश झां, जयराम झां, संतोष झां, रामकिशन झां, नारायणदास झां आदि मौजूद रहे।

## केपीएसपीजी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# छात्रों को घरेलू हिंसा, अपराधों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित संस्था सखी वन स्टॉप सेन्टर एवं साई ज्योती संस्था द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को छेड़-छाड़, दहेज उत्पीड़न, लैंगिक अपराध, घरेलू हिंसा एवं ऐसिड अटैक जैसे अमानवीय अपराधों एवं घटनाओं के प्रति जागरूक किया गया एवं महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता के बारे में बतलाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ० लतिका सुडेल, प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभारी प्रभांशु नगाइच, रोशनी चाँद, प्रीति यादव एवं रेशमा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं को शिक्षित एवं सशक्त बनने की आवश्यकता है क्योंकि शिक्षित एवं सशक्त महिलाएं ही समाज और देश को एक नई दिशा दे सकती है।

प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी कुप्रथा से लोगों को जागरूक करें एवं इसके विरूद्ध आवाज उठायें। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे भावावेश में ऐसा कोई कदम न उठायें जिससे उनके माता-पिता को कष्ट हो एवं उनकी प्रतिष्ठा धूमिल हो और प्रत्येक मामले में अपनी माँ से खुल कर बात करें। स्टाफ नर्स प्रीति यादव ने निराश्रित, बीमार एवं खोये हुये बच्चों के उपचार एवं उन्हें घर पहुँचाने के बारे में बतलाया। केश वर्कर श्रीमती रेशमा ने सरकार द्वारा संचालित आपातकाल में हेल्प लाइन नं- 181,1090,1098 आदि के बारे में जानकारी दी। साई ज्योति संस्थान से आई हुई श्रीमती रोशनी चाँद ने अपने सम्बोधन में छात्राओं को कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं इस योजना का लाभ उठाने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और प्रवक्ता निधि जैन ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में असि०प्रो० दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया

## सिविल सर्विस एथलीट्स

# अरविंद व सीताराम प्रदेश का राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे प्रतिनिधित्व



**ललितपुर**। वाराणसी में 03-04 सितम्बर 2025 को आयोजित प्रदेश स्तरीय सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स चयन ट्रायल्स में ललितपुर कखिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। पंचायत राज विभाग में कार्यरत नदीपुरा निवासी अरविंद कुमार प्रजापति ने विभाग की ओर से प्रतिभाग करते हुए 5 हजार मीटर और 10 हजार मीटर दौड़ में अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा। वे लगातार 14वीं बार (सन 2012 से अब तक) उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स टीम में चयनित हुए हैं, जो उनके लंबे अनुभव और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है। वहीं, सीताराम कुशवाहा ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर हार्डल्स और 5 किलोमीटर दौड़ में प्रदेश टीम में स्थान बनाया है। दोनों खिलाड़ी अब आगामी अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स चैंपियनशिप, जो 13 से 16 दिसम्बर 2025 को पटना (बिहार) में आयोजित होगी, में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जनपद में खुशी की लहर है। जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवरसिंह यादव सहित लक्ष्मण कुमार चौरसिया, महेंद्र कुमार, अजय प्रताप सिंह, रामकिशन शुक्ला, सुशील चौबे, श्रुति तिवारी, भागीरथ रैकवार, वेद शुक्ला, तबस्सुम, कमलेश, राजकुमार, बसु बुंदेला समेत गणमान्य नागरिकों ने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नाराहट क्षेत्र में दिन-दहाड़े की वारदात

# तमंचे की नोक पर व्यापारी के अपहरण का प्रयास



**ललितपुर**। थाना नाराहट क्षेत्र में दिन-दहाड़े व्यापारी के अपहरण का प्रयास किया गया है। घटना को अंजाम देने के लिए दो बाइक सवार बदमाश बताये जा रहे हैं। तमंचे की नोंक पर किये जा रहे अपहरण को व्यापारी ने बाइक से कूद कर असफल कर दिया। दिन-दहाड़े घटी इस घटना के बाद कस्बा नाराहट के व्यापारियों व आमजन में काफी आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने आमजन के साथ थाना नाराहट पहुंच कर थाने का घेराव किया और घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को शीघ्र पकडऩे की मांग उठायी है। घटना सुबह करीब 11.50 बजे की है। 60 वर्षीय व्यापारी लक्ष्मीनारायण गुप्ता अपने घर से मेन मार्केट स्थित दुकान जा रहे थे। रास्ते में दो युवक मिले। उन्होंने दुकान पर सामान खरीदने की बात कही। व्यापारी को बाइक पर बिठाकर पहले कस्बे की ओर ले गए। बदमाशों को गांव से बाहर जाने का रास्ता नहीं मिला। फिर वे बाइक को हाईवे की तरफ मोड़ ले गए। व्यापारी को शक हुआ तो वे चिल्लाने लगे। आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। व्यापारी ने चलती बाइक से छलांग लगा दी। बदमाश मौके से फरार हो गए। चलती बाइक से कूदने के कारण व्यापारी के हाथ-पैर में चोटें आईं। पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। घटना बाजार के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आक्रोशित व्यापारियों ने पुलिस को ज्ञापन देकर बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### स्टेशन छोडने जा रहे दोस्त युवक से मारपीट

ललितपुर। सिटी चौकी क्षेत्र के मोहल्ला गोविन्दनगर के रहने वाले अरशद खान पुत्र अजमुल खान ने पुलिस को तहरीर दी है कि बीते शनिवार को जब वह घर से अपने दोस्त रिजवान उर्फ राजा रहीश पुत्र अंसार अली को छोडने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहा था। वह गोविन्द नगर तिराहा के पास उसके मोहल्ले के कुछ लोग शहबाज जो मोहल्ले का ही है, उसके साथ विवाद कर रहे हैं। उसके द्वारा र विवाद का कारण पूछा तो अयान ने उसके साथ गालियां देते हुये जाने के लिए कहा। जब उसने अपने दोस्त को मोटर साइकिल से लेकर रेलवे स्टेशन के लिए वहां से चल दिया। जैसे ही टैम्पो स्टेण्ड तक पहुंचे तो उनके पीछे अयान पुत्र मल्ले, शायबान पुत्र रसीद, आकिल पुत्र रहीश उक्त लोगों के साथ आया और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी।

# बाइक की जोरदार टक्कर से पति पत्नी घायल

**ललितपुर**। मूलरूप से थाना बार के ग्राम बरौदाडांग व हाल शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा में रहने वाली अधिवक्ता भारती कुशवाहा पत्नी करनसिंह ने तालबेहट कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि पिछले दिनों वह अपने पति करन सिंह के साथ मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.जे. 3171 से ललितपुर आ रही थी। वह जैसे ही तेरई फाटक सेरवास के पास पहुंची तो सामने से आ रही तेज रफ्तार पैशन प्रो मोटर साइकिल संख्या एम.पी.15 एम.एल. 7421 जिसे चौकी तेरई फाटक अंतर्गत ग्राम तेरई के मंगलपुर निवासी कैलाश पुत्र घन्सू उर्फ घन्सुआ चला रहा था ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह व उसका पति गिर गये और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। पीड़िता ने बताया कि उसके पति का जबड़ा व दांत टूट गये और मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पीड़िता ने डायल 112 पर फोन कर एम्ब्युलेंस बुलायी और घायल पति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट लेकर पहुंची, जहां पति की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडीकल कॉलेज ललितपुर रेफर किया गया, जहां पति का ऑपरेशन हुआ। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### भक्तों ने भगवान गणेश से की सुख, शांति, समृद्धि की कामना, राज्य मंत्री टेटवाल रहे समारोह में उपस्थित

# अनंत चतुर्दशी चल समारोह में आकर्षक झांकियों व अखाड़ों के साथ किया गया गणपति विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-सारंगपुर

अनंत चतुर्थदशी के उपलक्ष्य में हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में निकाली गई भव्य झांकियां एवं अखाड़ों के प्रदर्शन ने पूरी रात नगरवासियों का मन मोह लिया।

इस वर्ष पहली बार पारंपरिक मार्ग परिवर्तन कर झांकियों एवं अखाड़ों का संचालन किया गया, जिसे नागरिकों ने सराहनीय बताया। कभी सारंगपुर में 30 से 40 झांकियां और अखाड़े निकलते थे, लेकिन पिछले चार वर्षों से यह परंपरा विलुप्त होने की कगार पर थी। हिंदू उत्सव समिति के हाल ही में हुए निर्वाचन में युवा अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी गठित की गई। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को मार्गदर्शक मंडल का मुखिया मनोनीत कर समिति ने झांकी कलाकारों से संपर्क साधा और मार्ग परिवर्तन कर व्यायामशाला से गांधी चैक, सदर बाजार, मंडाई, रंगेरवाड़ी, बागकुआ, परशुराम चैक, बस स्टैंड होते हुए कालीसिंध विसर्जन कुंड तक का नया मार्ग निर्धारित किया। शनिवार रात जैसे ही झांकियां महाकाल चैक पहुंचीं, वहां राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने अखाड़े में अपनी कलाबाजी से दर्शकों का मनमोह लिया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने भी अखाड़ों में दमखम दिखाकर तालियां बटोरीं। कलाकारों ने हैरतअंगेज कलाओं का प्रदर्शन कर जनसमूह को रोमांचित कर दिया।

#### आकर्षक रही झांकियां

इस बार "ऑपरेशन सिंदूर", "नानीबाई का मायरा", "समुद्र मंथन" जोगी आया जैसी कलाकृति वाली झांकियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ आया और दर्शकों ने समिति व कलाकारों की सराहना की।

#### हुआ स्वागत व सम्मान

हिन्दू उत्सव समिति,महादेव मित्र मंडल जनशक्ति युवा मंच पुष्पद समाज ने झांकी व अखाड़ों के कलाकारों का सम्मान कर उनका उत्साह बढ़ाया। महात्मा फुले, सनातन रक्षा मंच, माली समाज, लायंस क्लब सहित अन्य संगठनों ने भी सफा, रुपट्टा व शील्ड भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान हिंदू उत्सव समिति के मंच से सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे एसडीओपी अरविंद्र सिंह को राज्य मंत्री ने साफा पहनाकर सम्मानित किया। वहीं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

#### पुलिस एवं प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर रहीं तैयारियां



दस दिनों तक चले गणेशोत्सव पर्व के समापन उपरान्त अनंत चतुर्दशी से आरंभ हुआ प्रतिमाओं के विसर्जन का कार्य रविवार शाम तक चलता रहा। अनंत चतुर्दशी की शाम से लेकर अगले दिवस तक समितियों द्वारा छोटे पुल स्थित विसर्जन कुंड में प्रतिमाओं को विसर्जित करते हुए विघ्नहर्ता भगवान गणेश के जयकारे लगाते हुए क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की गई। नदियों सहित अन्य जल-स्त्रोतों में बनाए गए विसर्जन कुंडों में पानी के तेज बहाव के चलते पुलिस एवं प्रशासन द्वारा पूर्व से व्यापक स्तर पर तैयारियां कर ली गई थी ताकि किसी तरह की कोई घटना न होने पाए। इस दौरान होमगार्ड की एसडीआरएफ टीमें तैनात की गई ताकि आपदा जैसी स्थिति से निपट जा सके।

#### खिलचीपुर में विसर्जन के दौरान हुई घटना

जिले में सभी जहां व्यवस्थित रूप से विसर्जन कार्य पूर्ण हुआ लेकिन खिलचीपुर में एक घटना भी सामने आई है। यहां विसर्जन के दौरान शनिवार रात्रि गाड़गंगा नदी में चार युवक बह गए जिनमें से तीन स्वयं तैरकर बाहर निकल आए वहीं तीसरे को पुल से खींचकर बचाया गया। जानकारी के अनुसार नदी तेज बहाव में थी वहीं नदी का एक नाला खुला हुआ था। रात्रि करीब 11 बजे नगर निवासी दुर्गेश, रवि, राजेंद्र और राकेश मना करने के बावजूद नदी में उतरे और ट्यूब पर प्रतिमा रखकर आगे बढ़े। बाद में युवक तेज बहाव में बहने लगे पर तीन युवक किसी तरह तैरकर निकल आए वहीं चैथे को सुरक्षाकर्मियों ने खींचकर बाहर निकाला।

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम प्रशासनिक आदेश हवा में

# गोपालपुरा नेशनल हाईवे पर गोवंशों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गोपालपुरा नेशनल हाईवे पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जब अज्ञात ट्रक ने सड़क पर बैठे बेसहारा गौवंश को कुचल दिया।

हादसा इतना भयावह था कि दृश्य देखकर ग्रामीणों का दिल दहल उठा। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित होकर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि दोषी वाहन चालक पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ग्राम निहाल की गोचर भूमि रिक्त कराई जाए और तत्काल गोशाला खोली जाए। जब तक उनकी मांगों पर आश्वासन नहीं मिला, तब तक ग्रामीण सड़क से हटने को तैयार नहीं हुए। सूचना पर पुलिस व राजस्व प्रशासन मौके पर पहुंचा लेकिन ग्रामीण अड़े रहे। अंततः एसडीएम रोहित बम्होरे के समझाने और जल्द कार्रवाई के आश्वासन के बाद ही जाम खुल पाया। इस दौरान हाईवे पर दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया था।

#### आदेश कागजों में सिमटे

*ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कलेक्टर राजगढ़ के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा सड़क से गोवंश हटाने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन वह केवल कागजों तक ही सीमित रह गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे ने कर्मचारियों की तैनाती का आदेश दिया था, किंतु उसकी कोई पालना नहीं हुई।*

#### कब तक मरता रहेगा बेसहारा गौवंश?

*गोवंश संरक्षण के नाम पर सरकार और प्रशासन केवल आदेश निकालने तक सीमित रह गया है। न तो नियमित मॉनिटरिंग हो रही है और न ही गोशालाओं की स्थापना। परिणामस्वरूप सड़क पर बैठे-बैठे हर साल अनगिनत बेसहारा गौवंश दुर्घटनाओं का शिकार होते रहते हैं। अब देखना यह होगा कि कलेक्टर के आदेशों की अनदेखी करने वाले जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई होती है या फिर एक बार फिर यह मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।*

# संस्कार एकेडमी पचोर में श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर



नगर के आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी में श्रीगणेश उत्सव के उपलक्ष्य में प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रातः हवन-पूजन के साथ पूर्णाहुति की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधक मंडल ने अपनी ओर से विभिन्न प्रकार के पकवान तैयार कर भगवान श्रीगणेश एवं लड्डु गोपाल जी को छप्पन भोग अर्पित किया। इसके उपरांत गणपति विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बोर्डिंग के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं प्रबंधक मंडल ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए भाग लिया। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए मोहनपुरा कुण्ड तक पहुँची, जहाँ विधि-विधान से पूजन कर श्रीगणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र छप्पन भोग के दर्शन, श्री गणेश झाँकी की सजावट तथा नारियल से निर्मित श्री गणेश झाँकी रही। अंत में छप्पन भोग को पैकेट बनाकर सभी विद्यार्थियों में प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया।विदित है कि विगत दस दिनों से संस्कार एकेडमी में विधि विधान से दोनों समय आरती के साथ बोर्डिंग छात्रों द्वारा भजन संध्या में की जा रही थी, जिससे बच्चों को अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ने का मौका मिला यह भव्य आयोजन विद्यालय प्रबंधक मंडल दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा, प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा, कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, कवलप्रीत एवं एच ओ डी रियांशी गोयल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरव निगम, राधेश्याम नागर, उमेश नागर, कुलदीप शर्मा, महेंद्र शर्मा एवं समस्त विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# सीएम राइज स्कूल भवन का निरीक्षण कर भड़के विधायक, लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन में सामने आई खामियों को लेकर विधायक मोहन शर्मा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन की दीवारों में दरारें, सीलन और घटिया निर्माण कार्य साफ दिखाई दिए, जिस पर विधायक ने सुपरवाइजर और पीआईयू इंजीनियर को कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना में इस तरह की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग की और आश्वासन दिया कि इस मामले की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री से की जाएगी। करीब 44.54 करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन का काम पिछले साल पूरा होना था, लेकिन अब भी लगभग 25 प्रतिशत निर्माण अधूरा है। अधूरे भवन में कक्षाओं की शुरुआत किए जाने से छात्रों और अभिभावकों में भी नाराजगी है। विधायक के निरीक्षण के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि दोषियों पर कार्रवाई होगी और घटिया निर्माण की हकीकत सामने आएगी।

### क्लीन एयर फॉर स्काय वीक के तहत हुए आयोजन

# नर्सिंग कॉलेज में रंग-बिरंगे रंगों से वायु प्रदूषण के दुष्परिणामों को किया रेखांकित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

'क्लीन एयर फॉर स्काय वीक' के तहत रविवार को नर्सिंग कॉलेज राजगढ़ एवं जिला अस्तपाल में कईं कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज में जहां छात्राओं ने रंग-बिरंगी रंगोलियों के माध्यम से वायु प्रदूषण और उसके दुष्प्रभावों को रेखांकित किया वहीं जिला अस्पताल में मौजूद लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक करने का प्रयास किया गया।

कॉलेज में बनाई गईं इन रंगोलियों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वायु हेतु कई रचनात्मक संदेश भी उकेरे गए थे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल कॉलेज पहुँचीं और छात्राओं द्वारा बनाई गई कलात्मक रंगोली, चित्रों तथा नारे-पोस्टरों की सराहना की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल रचनात्मकता को दर्शाते हैं, बल्कि आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम भी हैं।

#### प्रदूषण कम करने के प्रयासों के तहत लिया संकल्प

*सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया कि वातावरण में प्रदूषण के कई घटक होते हैं, जैसे- धूलकण, वाहनों से निकलने वाला धुआँ, उद्योगों से उत्सर्जित गैसें आदि। उन्होंने इन प्रदूषकों से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की भी जानकारी दी और युवाओं से अपील की कि वे इस विषय पर समाज में जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने स्वच्छ वायु हेतु शपथ ली और प्रदूषण कम करने के उपायों जैसे पेड़ लगाना, साइकिल चलाना, कचरा न जलाना आदि को अपनाने का संकल्प लिया। कॉलेज प्रशासन ने इस पहल को छात्रों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक योगदान से जोड़कर देखा। इस अवसर सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल, डॉ महेंद्रपाल सिंह और कालेज प्रिंसिपल मनीषा हटीला सहित छात्राएं मौजूद थीं।*

# छापी बांध पर हुआ गणेश विर्सजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



गणेशोत्सव के अन्तिम दिवस अनन्त चतुर्दशी एवं अनन्त चतुर्दशी के दुसरे दिवस पर गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन हुआ। उल्लेखनीय है कि नगर में जगह-जगह एवं घर घर विराजे गणेश गजानंद भगवान को छापी बांध पर भक्तगण ढोल-ढमाकों, भजन-कीर्तन और नृत्य के साथ लेकर गये। छापीडेम पर शान्ति समिति की मीटिंग में लिए निर्णय के मुताबिक गणेश जी कि प्रतिमाओं को विसर्जन को लेकर नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चैबंद व्यवस्था की गई एवं नगर परिषद के द्वारा छापीडेम पर सभी झांकी एवं घर-घर, आफिस मे विराजे गणेश भगवान की प्रतिमा को विसर्जित करने आए सुबह से श्रद्धालुओं से एक जगह एकत्रित कर उन्हें नाव से जल में विसर्जन किया गया। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। भक्तों ने गजानंद को विदाई देते समय भावभीनी नम आंखों से बिदाई दी और अगले वर्ष पुनः आने की प्रार्थना की। इस मौके पर सीएमओ हरीओम शर्मा के निर्देश पर नगर परिषद अमला प्रभारी सीएमओ देवनारायण दांगी, उप यंत्री ब्रजेश उपाध्याय, दरोगा आजाद झावा, मनीष झावा, जितेंद्र तिवारी एवं थाना प्रभारी रवि ठाकुर के निर्देशन पर 112 डायल पायलट मोहन मेवाड़ा, लखन मेवाड़ा पुलिस बल रहा।

### आवासीय भूमि के लिए प्रेस क्लब भवन की रखी मांग, सौंपा पत्र

# प्रेस क्लब ने तृतीय वर्ष भी किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर




शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर में स्थानीय प्रेस क्लब द्वारा तृतीय वर्ष में भव्यता पूर्ण शिक्षक एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्तमान में कार्यरत शिक्षक, शिक्षिकाये तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालूसिंह तोमर। अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ,विक्रम सिंह राठौड़ पूर्व डीपीसी, पेन्शनर अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद,बालचंद्र दांगी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिसमें अतिथियों के साथ पत्रकारों ने सहभागिता की। स्वागत भाषण प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय टेलर ने शिक्षकों का अभिनंदन कर शुभकामनाएं दीं।

प्रेस क्लब उपाध्यक्ष ओम राठौर ,सह सचिव रवि टेलर , संरक्षक मनीष राठोर ने कहा कि जीवन में शिक्षकों के महत्व को विशेष है जीवन में सफलता के लिए गुरु का मार्गदर्शन कितना आवश्यक है यह महत्वपूर्ण है, वहीं संरक्षक शमशेर खान ने कविता पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आवासीय भुमि प्रेस क्लब भवन की मांग सम्बन्धित पत्र विधायक को सौंपा। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने विचार रखते हुए शिक्षकों को समाज का विशेष महत्व पुर्ण स्थान रखने वाला अंग बताया जो हर बच्चे का निर्माण कर उसे शैक्षणिक स्तर से उच्च स्तर तक पहुंचा कर भविष्य निर्माण करता है। विधायक हजारीलाल दांगी ने शिक्षकों केमहत्व को बताया एवं कहा कि ऐसा आयोजन स्थानीय प्रेस क्लब करती है जो अपने आप में एक अनोखा आयोजन है उन्होंने मुक्त कंठ से भूरी-भूरी प्रशंसा सराहना की। इस आयोजन को प्रेरणादायक बताय। साथ ही पत्रकारों द्वारा रखी गई मांगों पर सकारात्मक रुख भी प्रकट किया। इस मौके पर पर विशेष रूप से प्रेस क्लब के आयोजन में सहभागिता निभाने वाले प्राचार्य देवेंद्र शर्मा कन्या शाला , प्राचार्य राधेश्याम पुरविया, शिक्षिका आराधना शर्मा, पवन भावसर को भी धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम का व्यवस्थित संचालन संरक्षक दिनेश जमींदार द्वारा करते हुए बताया कि गुरूओं का सम्मान कर प्रेस क्लब अभिभुत है। इस मौके पर प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष योगेश भावसार , उपाध्यक्ष राजेश राठौर , वसीम खान,शरद भावसार, रजनीश राठौर ने विशेष व्यवस्था कर कामयाबी के शिखर पर पहुंचाया। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षकदृशिक्षिकाओं के चेहरे पर उत्साह और गर्व की झलक नजर आ रही थी जो यह कहते पाए गए कि ऐसा आयोजन पूरे जिले में कहीं नहीं होता है यह हमारे नगर के प्रेस क्लब के लिए बड़ा सौभाग्य है उन्हें ऐसे सफलतम आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के प्रथम आगमन पर हुआ स्वागत




**करेड़ी।** राजगढ़ में कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के प्रथम आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर उपस्थित कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र सिंह पंवार करेड़ी सत्यनारायण बैरागी दीपक सोधिया भगवान सिंह पंवार सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे वही जिला अध्यक्ष द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया।

# खुजनेर निवासी शिक्षक अब्दुल मजीद शिक्षा रत्न से हुए सम्मानित




**राजगढ़।** शिक्षकों को रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाले शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा गत दिवस प्रदेश की राजधानी भोपाल में शिक्षा रत्न सम्मान का आयोजन किया गया था। इस सम्मान समारोह में जिले के खुजनेर निवासी शिक्षक अब्दुली मजीद को शिक्षा रत्न सम्मान से नवाजा गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी, पूर्व सीएस शरदचंद्र बैहर सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मजीद से सम्मान से नवाजे गए। मजीद घार जिले में जनजातीय विभाग के माध्यमिक विद्यालय रणगांव में सेवारत हैं। शासकीय शिक्षक बनने के पूर्व वे राजगढ जिले के विभिन्न स्कूलों में बतौर अतिथि शिक्षक कार्यरत थे। उल्लेखनीय है कि शिक्षक संदर्भ समूह विगत 15 वर्षों से रचनात्मक कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान कर विद्यालय को आनंद के घर के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित कर रहा है।